संक्षिप्त

3 लाख रूपये की मदद

टोंक। सांसद हरीश चन्द्र मीना द्वारा लिखे गये प्रधानमंत्री को पत्र के द्वारा जिले के आंवा रोड दूनी निवासी ईद मोहम्मद कायमखानी की पुत्रवधू श्रीमती शिल्पा खान जो किडनी की गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं, के इलाज हेतु प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 3 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। ईद मोहम्मद कायमखानी ने अपनी पुत्रवधू की गंभीर बीमारी एवं कमजोर आर्थिक स्थिति की जानकारी सांसद मीना को दी थी, मामले की गंभीरता को देखते हुए सांसद मीना ने प्रधानमंत्री कार्यालय को पत्र लिखकर अविलंब सहायता देने का अनुरोध किया। जिसके बाद सांसद के इस प्रयास के फलस्वरूप प्रधानमंत्री सहायता कोष से 3 लाख की राशि रोगी के गुर्दा प्रत्यारोपण के उपचार हेतु स्वीकृत की गई। इस आर्थिक सहयोग से शिल्पा खान के उपचार हेतु बड़ी राहत मिली है और उनके परिजनों ने सांसद मीना को आभार व्यक्त किया।

मंत्री की कार से बाइक सवार घायल

टोंक । दत्तवास थाना क्षैत्र के करेड़ा बुजुर्ग गांव के पास स्थित दौसा-कोथून हाईवे पर कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा की गाड़ी से एक बाइक की टक्कर लगने से सवार घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर दतवास पुलिस मौके पर पहुंची। दतवास थानाधिकारी कालूराम ने बताया कि करेड़ा बुजुर्ग हाईवे पर मंत्री मीणा की कार और मोटरसाईकिल की टक्कर हुई, जिसमें घायल हुए बाइक सवार को मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने तुरंत अपनी दूसरी गाड़ी से लालसोट अस्पताल पहुंचाया। हादसे में घायल हुए बाइक सवार बाबूलाल पुत्र रेवडमल महावर उम्र 60 वर्ष निवासी दयालपुरा जो कौथून की ओर आ रहे थे, तभी कृषि मंत्री जयपुर से लालसोट की ओर जा रहे थे, अचानक बाइक सवार के मंत्री की कार के सामने आने से यह हादसा हो गया।

फोलोअप केंप कल से

निवाई। नगरपालिका कार्यालय में 3 नवम्बर से शहरी सेवा शिविर के फोलोअप केंपो का आयोजन किया जाएगा। अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट व सहायक अभियंता चन्द्रप्रकाश मीणा ने बताया कि शहरी सेवा शिविर 2025 का आयोजन 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक किया गया था। जिनका फोलोअप केंप नगरपालिका कार्यालय में 3 नवम्बर से 8 नवम्बर तक आयोजित किए जाएंगे। शहरी सेवा शिविरों में प्राप्त आवेदनों व प्रकरणों का निस्तारण करके फोलोअप केंप में पात्र व्यक्ति को लाभांवित किया जाएगा।

राजू रघुवंशी का सम्मान

टोंक। अजमेर रेंज के अंतर्गत हुई मुख्य आरक्षक से सहायक उपनिरीक्षक पदोन्नत परीक्षा में सफल होने पर सहायक उपनिरीक्षक बने पुलिस थाना बरौनी में पदस्थापित राजू लाल रघुवंशी का सम्मान कर उन्हें बधाई दी है। इस मौके पर एड. आशीष पाल के निवास स्थल पर आयोजित सम्मान कार्यक्रम में मौजूद अंतरराष्ट्रीय गायक कलाकार धनराज साहू, प्रेम रघुवंशी, दुर्गेश पाल, राजेश पाल, राधे श्याम पाल एवं सुमित पाल आदि ने राजू रघुवंशी को साफा एवं माला पहनाकर एवं मुंह मीठा कराकर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

नकबजनी का आरोपी गिरफ्तार

टोंक। अति. पुलिस अधीक्षक बृजेन्द्र सिंह भाटी के निर्देशन में वृताधिकारी पीपलू अरविन्द कुमार एवं थानाधिकारी बरोनी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा नकबजनी प्रकरण में कार्यवाही करते हुए आरोपी रामकिशन चौधरी पुत्र जमनालाल जाट उम्र 32 साल निवासी खेरुणा थाना नैनवा जिला बून्दी को गिरफ्तार किया गया।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

झारेड़ा गांव में देवभूमि पर अतिक्रमण व अवैध प्लाटिंग ग्रामीणों में रोष

अलवर। मत्स्य औधोगिक क्षेत्र के गांव झारेडा में गैर मुमकिन देव स्थान भूमि पर अतिक्रमण करने व उस पर अवैध प्लाटिंग का एक मामला प्रकाश में आया है जिसको लेकर गांव में विवाद की स्थिति बनी हुई । ग्रामीण लाखन सिंह और चवर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि झारेडा गांव में खसरा नंबर 85 और 86 जो देव भूमि में आता है और यह जमीन हाल में गैर मुमकिन होने के कारण यूआईटी के आधीन आती है वही पास में खसरा न.87 है जिसके मालिक कल्लू खां और शहाबुद्दीन का है जिन्होंने इस अपने खसरे में विस्तार वादी नीति अपनाते हुए देव भूमि के खसरे की जमीन को अपने खसरे में मिला लिया है। ग्रामीण लाखन सिंह ने बताया कि इन्होंने अपनी जमीन में करीब 700 वर्ग गज जमीन को अपने खसरे में मिला लिया है और उस पर अवैध रूप से प्लाटिंग चालू कर दी है जिसकी शिकायत लगातार ग्रामीण उच्च अधिकारियों तक कर रहे है लेकिन अतिक्रमण पर कोई ध्यान नही दे रहा देव भूमि पर बढते अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है क्योकि अतिक्रमण कर्ता अन्य धर्म के है जिसके चलते कभी भी यहा बड़ा विवाद हो सकता है। ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने पूर्व में इसकी शिकायत तहसीलदार अलवर को की तो उन्होंने इसकी जांच के लिए यूआईटी सचिव को पत्र लिखा जिस पर प्रशासन ने कार्यवाही करते हुए सीमाज्ञान भी करवाया लेकिन वास्तविक रिर्पोट को अतिक्रमण से परे रखा ठामीणों ने बार-बार प्रशासन को बताया कि वे सीमाज्ञान से संतुष्ट नही है उनकी मांग है कि भू प्रबंधन विभाग बोर्ड गठित कर अधिकारियों की निगरानी और ग्रामीणों की मौजूदगी में सीमाकंन कराए ना कि गुपचुप में कागजों में सीमांकन करे। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि अगर समय रहते यहा हो रही अवैध प्लाटिंग और अतिक्रमण को नही हटाया गया तो वे इस मामले में मुख्यमंत्री से भी मिलेगे और उनसे मांग करेगे कि प्रशासन की शह पर भूमाफिया देव भूमि को भी नही बख्श रहे है । उन्होंने कहा कि अगर समय रहते प्रशासन नही चेता तो भू माफियाओं के हौसले और बुलंद होंगे और वे अतिक्रमण और करेगे जिसे ठामीण पसंद नही करेगा और यहां कभी भी कोई भी घटना घट सकती है।

अलवर के झारेड़ा गांव में अवैध प्लाटिंग का एक मामला प्रकाश में आया है जिसको लेकर गांव में विवाद की स्थिति बनी हुई ।

- शिकायत लगातार ग्रामीण उच्च अधिकारियों तक कर रहे है लेकिन अतिक्रमण पर कोई ध्यान नही दे रहा

बिजली के करंट से युवक की मौत

टोंक। अलीगढ़ थाना क्षेत्र के पाटोली गांव में शनिवार को बिजली का करन्ट लगने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई।

युवक (किसान) रामरेश मीणा पुत्र बदीलाल 35 वर्ष खेत में लगी डीपी (डिस्ट्रीब्यूशन पॉइंट) पर चढ़कर बिजली के तार ठीक कर रहा था, तभी अचानक करंट आने से वह डीपी पर चिपक गया। हादसे में उसका एक हाथ और पैर शरीर से अलग हो गया तथा उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जहां सूचना पर ग्रामीण व परिजन तथा बाद में सूचना मिलने पर अलीगढ थाना पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे।

परिजन और ग्रामीणों ने मृतक के एक आश्रित को सरकारी नौकरी, आर्थिक सहायता और मुआवजा देने के साथ विधुत विभाग के जिम्मेदार कर्मचारियों पर कार्यवाही करने की मांग की। जहां घटना की स्थिति को देखते हुए तहसीलदार मौके पर पहुंचे और परिजनों से समझाइश की जा रही है।

रामकथा के सातवें दिन उमड़ा श्रद्धालुओं का हुजूम

पावटा । श्री ज्ञानदास आश्रम बडऋनगर मे गर्ग परिवार द्वारा आयोजित श्री रामकथा के सातवें दिन कथा वाचक अतुल रामायणी महाराज ने अयोध्या से श्री राम के 14 वर्ष वनवास यात्रा का वर्णन करते हुए राम-केवट संवाद के बारे में बताया कि भक्त और भगवान का सम्बन्ध बड़ा अद्भुत होता है। भगवान भक्त के वश में होते हैं और भक्त की भक्ति जब पराकाष्ठा को पार कर लेती है, तब भगवान उस भक्त की पूरी इच्छा करते हैं। और उसकी हर इच्छा सार्वभौमिक हितों के लिए समर्पित हो जाती है। वही भरत व राम मिलाप का प्रसंग सुनाते हुए कथा वाचक अतुल रामायणी महाराज ने कहा कि'प्रेम ही राम राज्य की आधारशिला है, भरत के राम प्रेम ने कैकेयी को भी पिघला दिया। सच्चा धर्म हमें प्रेम सिखाता है। प्रेम की व्याख्या हमें भरत चरित्र में दिखाई देता है। प्रेम हमें स्वार्थहीन होना सिखाता है। नि:स्वार्थता की अग्नि में तपकर ही प्रेम अपने उज्जवल रूप में अभिव्यक्त होता है। सर्वथा स्वार्थ शून्य व्यक्ति ही संसार में परिवर्तन ला सकता है।

भरत जी अवध का सिंहासन ठाहण करे, धर्म उसका समर्थन कर रहा था। लेकिन भरत के अन्त: करण ने इसका समर्थन नहीं किया। उन्होंने धर्म के स्थूल रूप को नहीं देखा, उसके सारतत्व को ठाहण किया। भरत ने धर्म के स्थान पर परमधर्म को स्वीकार किया। जिस रामराज्य को महाराज दशरथ अयोध्या में लाना चाह रहे थे उसके शिल्पकार श्री भरत बने। वास्तविक रामराज्य की आधारशिला प्रेम है। श्री भरत के राम प्रेम ने कैकेयी की कठोरता को भी पिघला दिया। रामराज्य का अर्थ प्रेम राज्य है और प्रेम हमें समर्पण सिखाता है। जहां पर केवल देना ही देना है लेना कुछ नहीं है उसी को रामराज्य कहते है।भ्रातृप्रेम पारिवारिक सामाजिक धर्म है। भरत के प्रेम को यदि हम समझ कर अपना लें तो परिवार का सारा झगड़ा समाप्त हो जाएगा। कथा के दौरान बडऋे ही उदास और व्याकुल मनसे श्री राम सीताराम का भजन कीर्तन करते हुए महाआरती के साथ प्रसंग समाप्त किया गया। कथा को लेकर आसपास में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। इस दौरान पवन गर्ग, प्रदीप गर्ग, केशव गर्ग, विमल गर्ग, सतीश खंडेलवाल, दिनेश शर्मा, अमित शर्मा, रामकरण यादव, मनोज मित्तल, सुंदर सिंह सहित पंडाल में पुरुषों के साथ ही सैकड़ों महिला भक्त समेत क्षेत्र के तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।इस दौरान पवन गर्ग, प्रदीप गर्ग, केशव गर्ग, विमल गर्ग, सतीश खंडेलवाल, दिनेश शर्मा, अमित शर्मा, रामकरण यादव, मनोज मित्तल, सुंदर सिंह सहित पंडाल में पुरुषों के साथ ही सैकड़ों महिला भक्त समेत क्षेत्र के तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे। मुख्य यजमान के रुप में मंगल चंद गर्ग एवं उर्मिला देवी गर्ग थे। इस दौरान पवन गर्ग, प्रदीप गर्ग, केशव गर्ग, विमल गर्ग, सतीश खंडेलवाल, दिनेश शर्मा, अमित शर्मा, रामकरण यादव, मनोज मित्तल, सुंदर सिंह सहित पंडाल में पुरुषों के साथ ही सैकड़ों महिला भक्त समेत क्षेत्र के तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

- 'प्रेम ही राम राज्य की आधारशिला है, भरत के राम प्रेम ने कैकेयी को भी पिघला दिया : अतुल रामायणी महाराज

दीपावली स्नेह मिलन समारोह 5 को

पावट । तहसील ब्राह्मण महासभा पावटा द्वारा बैठक का आयोजन कर 5 नवंबर बुधवार को दीपावली स्नेह मिलन व सम्मान समारोह सहित अन्य कार्यक्रमों को लेकर विचार विमर्श किया गया। तहसील ब्राह्मण महासभा पावटा अध्यक्ष राजेश शर्मा ने बताया कि तहसील ब्राह्मण महासभा पावटा व कार्यकारिणी ब्रह्म समाज पावटा का तहसील स्तरीय दीपावली स्नेह मिलन व सम्मान समारोह 5 नवबंर को पावटा ग्रीन पार्क होटल में आयोजित किया जाएगा। इसमें पावटा तहसील के विप्रबंधु कार्यक्रम में भाग लेंगे और महिलाओं की भी सक्रिय भागीदारी रहेगी। इस दीपावली स्नेह मिलन समारोह का उद्देश्य पूजा-पाठ, यज्ञ, अनुष्ठान एवं धर्म प्रचार-प्रसार में संलग्न सभी ब्राह्मण बंधुओं को एक मंच पर एकत्र कर समाज में एकता, सहयोग एवं स्नेह की भावना को प्रगाढ़ करना है। कार्यक्रम के माध्यम से ब्राह्मण समाज को अपने अनुभव, विचार एवं प्रेरणाओं का आदान-प्रदान करने का अवसर प्राप्त होगा, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए वैदिक धर्म, संस्कृति और परंपरा के मार्ग को और सुदृढ़ किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक स्नेह मिलन नहीं, बल्कि वैदिक समाज की एकता, परंपरा और गारव का प्रताक ह। जब ब्राह्मण एकत्र होकर वेद, धर्म और संस्कार की ज्योति प्रज्वलित करते हैं, तो समाज में नई चेतना का संचार होता है। इस दौरान गजानंद टीलावत, एडवोकेट विष्णु शर्मा, योगेश शर्मा, दुर्गादत्त भारद्वाज, जितेंद्र शर्मा, घनश्याम शर्मा, सुरेश शर्मा बजरंगपुरा, प्रमोद शर्मा, धीरज वशिष्ठ, रमेश वशिष्ठ, दीपक पटेल, ललित शर्मा, ग्यारसी लाल टीलावत, बजरंग कल्याणपुरा, मनोज शर्मा सहित बडऋी संख्या में विप्र बंधु मौजूद रहे।

- दीपावली स्नेह मिलन समारोह का उद्देश्य पूजा-पाठ, धर्म प्रचार-प्रसार में संलग्न सभी ब्राह्मण बंधुओं को एक मंच पर एकत्र कर समाज में एकता, सहयोग एवं स्नेह की भावना को प्रगाढ़ करना है।
- आयोजन वैदिक समाज की एकता, परंपरा और गौरव का प्रतीक है।

भगवान बिरसा का जयन्ती15 को

अलवर। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जन्म जयन्ती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव वर्ष के तहत 15 नवम्बर तक जिले में विभिन्न गतिविधियां एवं कार्यक्रम आयोजित कराने हेतु विभागीय अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये हैं। जिला कलक्टर ने कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारी राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों की पालना करते हुए जनजातीय गौरव वर्ष के तहत आयोजित गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला स्तर पर आयोजित गतिविधियों हेतु नगर निगम आयुक्त एवं नगर पालिकाओं के अधिकाषी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नगरीय निकायों में भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जन्म जयन्ती के उपलक्ष्य में शोभायात्रा एवं चौराहों व राजकीय भवनों पर रोशनी कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने जिला परिषद के सीईओ को निर्देशित किया है कि भगवान बिरसा मुण्डा एवं जनजाति स्वतंत्रता सैनानियों की पुष्पांजलि आदि कार्यक्रमजिला स्तरीय प्रदर्शनी के साथ आदि हाट का आयोजन एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के सीधे प्रसारण हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

देव जागे, मांगलिक कार्यक्रमों का हुआ श्रीगणेश

निवाई । देवउठनी एकादशी पर लोगों ने घरों के दरवाजों के बाहर घी के दीपक जलाकर देव दीपावली मनाई। इस अवसर पर महिलाओं ने परम्परागत तरीके से देवों को उठाने की रस्म निभाई। इस दौरान देवी-देवों के जगाने के लिए महिलाओं ने घर के बाहर लिपना कर माण्डणे माण्डे। उसके बाद घी का दीपक जलाया और उठो देव, बैठो देव-फाटकडी फटकारो देव गाकर देवताओं को जगाया। महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाकर देवताओं के भोग भी लगाया। लोगों ने घर घर में अपने इष्ट देवों की पूजा अर्चना की तथा गोवर्धन पूजा के स्थान पर चौका लगाकर एवं घी का दीपक जलाकर सभी मांगलिक कार्यो के निर्विघ्न सम्पन्न होने की मनोकामना की गई।

वहीं मंदिरों में दीपावली की भांती भव्य रोशनी कर एवं रंगोलियां सजा कर अनेक धार्मिक अनुष्ठानो का आयोजन किया गया। ठामीण क्षेत्रों में देव उठनी एकादशी को छोटी दीपावली के रूप में धूमधाम से श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने व युवाओं ने पटाखे चलाए। देव उठने के साथ ही चार माह से बंद पडे मांगलिक कार्यो की भी शुरूआत हो गई। देवउठनी एकादशी पर शहर सहित ठामीण क्षेत्रों में शादी विवाह की शहनाईयां गूंज उठी। शादी समारोह को लेकर बाजार में जमकर हो रही खरीददारी से व्यापारियों के न्यारे-व्यारे हो रहे है। गुरूवार को उपखण्ड क्षेत्र में सैकड़ों कुंवारी कन्याओं के हाथ पीले होने जा रहे है। जिससे शहरी एवं ठामीण अंचल में विवाह की तैयारियों को लेकर धूम मची हुई है। विवाह स्थल पर जहां बुजुर्ग महिलाएं मांगलिक गीत गाकर दुल्हा-दुल्हन को हल्दी का लेप कर निखार रही है।

वहीं युवक युवतियां महिला संगीत में डीजे साउण्ड की रंग बिरंगी लाईटों की चकाचौंध में फिल्मी गानों पर जमकर थिरककर खुशियां मना रहे है। सभी मैरिज गार्डन व धर्मशालाएं रोशनी से जगमगा गई है। चारों और शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए हुए मेहमानों के चलते शहर में काफी चहल-पहल रही।

- शहर में गूंजी शहनाईयां,
- देवउठनी एकादशी पर शहर में रही विवाहों की धूम

तंबाकू का सेवन है कैंसर का सबसे बड़ा कारण : गिरिराज गुर्जर

निवाई। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई में 21वीं सदी के कौशल एवं नागरिकता कौशल के अंतर्गत तंबाकू निषेध पर नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नुक्कड नाटक के माध्यम से बालिकाओं ने धूम्रपान, बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, जर्दा, गुटखा, शराब व ड्रग्स आदि के दुष्परिणामों को नाट्यय शैली में प्रदर्शित किया। प्रधानाचार्य गिरिराज प्रसाद गुर्जर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि धूम्रपान करना कैंसर का सबसे बड़ा कारण है। उन्होंने बताया कि तंबाकू एवं ड्रग्स आदि से बहुत सारे परिवार बर्बाद हो चुके हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को इन से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हुए तंबाकू निषेध की शपथ दिलाई।

समारोह में नुक्कड़ नाटक, पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रधानाचार्य द्वारा शील्ड देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी डॉ स्वाति जनकावत सहित सभी शिक्षक मौजूद थे।

- तंबाकू एवं धूम्रपान निषेध विषय पर किया नुक्कड़ नाटक
- नुक्कड नाटक के माध्यम से बालिकाओं ने धूम्रपान, सिगरेट आदि के दुष्परिणामों को नाट्यय शैली में प्रदर्शित किया।

ीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई में 21वीं सदी के कौशल एवं नागरिकता कौशल के अंतर्गत तंबाकू निषेध पर नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त - तृतीय,
जे.एल.एन. मार्ग, जयाहर सर्किल के पास, जयपुर- 0141-4901853
क्रमांक 3847 **आम आहिर सूचना** दिनांक 29.10.2025
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा फ्लेट संख्या-9/ 212 (फर्स्ट फ्लोर) मालवीय नगर जयपुर, क्षेत्रफल 18.40 वर्ग मीटर का नियमितिकरण पत्र एवं अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 1225 दिनांक 30.06.2010 श्रीमती सत्येन्द्र कौर पत्नी श्री चरन जीत मल्होत्रा के पक्ष में जारी किया गया था। श्रीमती श्रीमती सत्येन्द्र कौर की मृत्यु दिनांक 10.04.2019 को हो जाने के कारण श्री चरनजीत मल्होत्रा पुत्र श्री हरभजन सिंह मल्होत्रा के द्वारा आवेदन पत्र के साथ प्रशासनिक शुल्क की छाया प्रति, शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति बंधक पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति, राशन कार्ड की छाया प्रति एवं रजिस्टर्ड वसीयतनामा की छायाप्रति प्रस्तुत उक्त आवास का नाम हस्तान्तरण अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है। अत: उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/ बैंक/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री चरनजीत मल्होत्रा पुत्र श्री हरभजन सिंह मल्होत्रा के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही करदी जावेगी । **सम्पदा प्रबंधक**
वृत्त तृतीय रा. आ. मण्डल जयपुर

सम्मन बनाम कायम मुकाम
(आर्डर 22 रूल 4 जाब्ता दीवानी)
अज अदालत अपर सिविल न्यायाधीश (पश्चिम) जयपुर महानगर द्वितीय
पांच्या उर्फ पांचू बनाम महावीर व अन्य
दावा बाबत घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा
मुकद्दमा नं. 10581 सन् 2015 (210/2014)
बनाम :-
मुसम्मी इमीलाल वल्द महावीर प्रसाद कौम जाट साकिन ग्राम डिंगाल जिला झुंझुनू राजस्थान
चूंकि ने इस अदालत में तारीख माह सन् 20..... को 1. ..... बनाम 2. .....दायर की जो कि बाद में फोत हो गया और चूंकि मजकूर के दरख्वास्त अदालत हाजा में यह जाहिर करने की आप मुतवफ्फी मजकूर के कायम मुकाम जायज हो और इस्तदुआ की है बजाय उसके आप 3. .....बनाये जावें।
लिहाजा बजरिये हाजा बगर्ज जवाबदेही 1. ..... आपको तारीख 14 माह 11 सन् 2025 को अदालत हाजा में हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकद्दमा आपकी गैर हाजिरी में सुना व फैसला किया जावेगा।
बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 31 माह 10 सन 2025 को जारी किया गया।
मोहर
रीडर
सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट पश्चिम जयपुर महानगर द्वितीय

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता की पहली अनुसूची संख्या 4)
पारिवारिक न्यायाधीश क्रम-3 कोटा
प्रमिला कुमारी उर्फ शीनम
बनाम
हेमराज मीणा
वाद/प्रार्थना-पत्र : वाद वास्ते विवाह विच्छेद
प्रार्थना संख्या : 617/25
हेमराज मीणा पुत्र जगदीश प्रसाद मीणा ग्राम उकरून्द, तह. महवा, जिला - दौसा हाल निवास 29, राम विहार कॉलोनी, जगतपुरा जयपुर मो. 7300412121, 9289192604, 9461771747
उक्त प्रार्थीया ने इस अदालत में यह आवेदन किया है कि
अत: आपको चेतावनी दी जाती है कि आपके निवेदन के विरूद्ध हेतु दर्शित करने के लिए ता. 26 मास 11 सन 2025 को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्पर्क रूप से अनुदेश दिया गया हो उपसंजात हो यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आवेदन की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप में किया जावेगा। यह आज ता. 08 मास 10 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
मुहर
आज्ञानुसार
वरिष्ठ मुंसरिम
पारिवारिक न्यायालय क्रम-3, कोटा

नाम परिवर्तन
विवाह उपरान्त मैंने अपना नाम बविता सैनी से बदलकर बविता भट्टाचार्य कर लिया है, बविता भट्टाचार्य पत्नी श्री राजेश भट्टाचार्य निवासी- 118, साउथ पार्ट लक्ष्मी नगर, हरनाथपुरा, कालवाड़ रोड़, झोटवाड़ा कर लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे।
मैं आर्मी नं- 15685650M रैंक HAV प्रदीप कुमार पी. निवासी- गांव- सूरनाड दक्षिण, पथरम, कुन्नाथूर, जिला- कोल्लम, केरल ने भविष्य के लिए अपने सर्विस रिकॉर्ड में अपनी पुत्री का नाम गौरी कृष्णा पी से बदलकर गौरीकृष्णा पी कर दिया है।
मै पंकज वर्मा पुत्र स्व. दीनदयाल टेलर, निवासी- प्लॉट न. 40-A, नवजीवन विहार, गांधीपथ (वेस्ट), वैशाली नगर, जयपुर अपना नाम बदलकर अमोह टेलर रख लिया है। भविष्य में अमोह टेलर नाम से जाना पहचाना जाए।
मै प्रहलाद बालचंद बुनकर (PRAHLAD BALCHAND BUNKAR) पुत्र बालचंद निवासी ए-7, नवदीप विहार ए, 200 फीट बाईपास रोड, लालरपुरा जयपुर-302021 मैंने अपना नाम प्रहलाद बुनकर (PRAHLAD BUNKER) से बदलकर प्रहलाद बालचंद बुनकर (PRAHLAD BALCHAND BUNKAR) कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे।
मेरा वर्तमान में नाम सन्तोष वीरेन्द्र कुमार यादव है। मेरे पति का नाम वीरेन्द्र कुमार यादव है। भविष्य में मुझे सन्तोष यादव के नाम से जाना जाये। सन्तोष यादव पत्नी वीरेन्द्र कुमार यादव, ए-240, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर, 200 फीट बाईपास, बदरवास जयपुर
मैं गोवर्धन लाल प्रजापति निवासी 08, चचेरी मोहल्ला विशनगढ, बिशनगढ जयपुर-303104 घोषणा करता हूं कि मेरे बेटे के शिक्षा रिकॉर्ड में मेरा नाम गलती से गोवर्धनलाल दर्ज हो गया है मेरा सही नाम गोवर्धन लाल प्रजापति है। शपथ पत्र जयपुर दिनांक 11.09.2025 के माध्यम से।
I have changed my name after marriage from Divyani Gupta to Divyani Dutt Sharma W/o Aryan Dutt Sharma for all purpose. R/o 653-A Laxman path Vivek Vihar New Sanganer Road Jaipur-302019

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 26/2024
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम सोनू सिंह सैनी पुत्र श्री स्व.राज बहादुर जाति सैनी
विवाद स्थान प्लाट नं.16, देवनगर-ए, हाज्यावाला सांगानेर जयपुर
मृतक स्व.राज बहादुर की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 15.11.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम स्व. राज बहादुर सैनी पुत्र स्व.रामलाल सैनी जाति.... निवासी प्लाट नं.16, देवनगर-ए, हाज्यावाला सांगानेर जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 15 माह 11 सन् 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 30 माह 08 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
मोहर अदालत
आज्ञा से-शरिस्तेदार
अपर जिला एवं सैंशन न्यायाधीश संख्या 10 जयपुर महानगर-प्रथम न्यायालय सांगानेर

तामीली के लिए समन/नोटिस
(सिविल प्रक्रिया संहिता का आदेश 5 के नियम 10)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जे.डी.)
स्थान रूडकी, जिला हरिद्वार
प्रकीर्ण वाद सं. 52 सन् 2024
श्रीमति प्रियंका बनाम हरेन्द्र आदि
श्रीमति प्रियंका आयु लगभग 36 वर्ष, पत्नी हरेन्द्र सिंह पुत्री स्व. श्री राजेन्द्र प्रसाद हाल निवासी म. नं. 635, सैनिक कॉलोनी, रूडकी, थाना कोतवाली गंगनहर रूडकी, जिला हरिद्वार।
मो. नं. 8279733054
नोटिस बनाम-
1. हरेन्द्र सिंह पुत्र राजाराम इन्दोलिया
2. राजाराम इन्दोलिया पुत्र भोलाराम इन्दोलिया
3. श्रीमति रंजन देवी पत्नी राजाराम इन्दोलिया
निवासीगण- मकान नं. 403, मनुश्री अपार्टमेन्ट, दादू दयालनगर, कल्याणपुरा, मानसरोवर, जयपुर, जनपद जयपुर (राजस्थान) - 302020
श्रीमति प्रियंका ने आपके विरूद्ध 12 डी.वी. एक्ट के लिये वाद संस्थित किया है/आवेदन दाखिल किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 06.12.2025 को दिन में 10:30 बजे उसका उत्तर देने के लिये व्यक्तिगत रूप से या अधिवक्ता द्वारा उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन किया जाता है जिसमें असफल रहने पर वाद/आवेदन का एकपक्षीय निस्तारण किया जायेगा। यह आज दिनांक 01.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
मोहर न्यायालय
न्यायालय सिविल जज रूडकी, जिला हरिद्वार

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/853 चूंकि प्रार्थी श्री RAMESH CHANDRA SHAH, 40, SHIVVIHAR, VKI AREA, SIKAR ROAD, OPP. ROAD NO. 5, MURLIPURA, JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास श्रीमती चंदा रमेश चन्द्र शाह चेरिटेबल ट्रस्ट, SHOP NO. 16, FIRST FLOOR, SHAH SHOPPING CENTRE, OPP, ROAD NO. 5, SHIV VIHAR, VKI AREA, JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई